राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित

विद्यार्थी अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र और समाज के उत्थान में करें - राज्यपाल

जयपुर / जोधपुर, 4 मई। राज्यपाल और कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए करे। उन्होंने फुटवियर डिजायन के क्षेत्र में नवाचार अपनाते हुए इस क्षेत्र के उत्पादों के निर्यात से अर्थव्यवस्था के सुदृढीकरण का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने शनिवार को जोधपुर में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के तृतीय दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता विकास जरूरी है। नई पीढ़ी नौकरी करने की सोच की बजाय रोजागर प्रदाता बने। उन्होंने नई शिक्षा नीति के आलोक में पाठ्यक्रम अपडेट किए जाने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि एफ.डी.डी.आई जोधपुर फैशन एवं फुटवियर तकनीक से जुड़ा एक महत्वपूर्ण संस्थान है। संस्थान का मुख्य ध्येय शिक्षा के साथ हस्तशिल्प कौशल को बढ़ावा देना है। विश्वभर में आज फुटवियर एवं फैशन उद्योग जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसे दृष्टिगत रखते हुए यह संस्थान भविष्य की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में फुटवियर एवं फैशन उद्योग से जुड़े विश्व के उत्कृष्ट एवं निपुण डिज़ाइनर तैयार हों। तथा प्रयास करे कि डिजाइनिंग के क्षेत्र में यह संस्थान उत्कृष्ट संस्थान बने।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि वैश्विक बाजार मांग के अनुरूप भारत इस क्षेत्र में अग्रणी बने यह हम सबका प्रयास हो। उन्होंने कहा कि संस्थान एथलेटिक और गैर एथलेटिक फुटवियर की श्रेणीवार बाजार मांग का अध्ययन कर फुटवियर उत्पादों के विकास के लिए नवाचार और नवीन तकनीकी शिक्षा का प्रबंधन करे, जिससे विद्यार्थी वैश्विक बाजार मांग के दृष्टिगत अपने आपको तैयार कर सकें।

इससे पहले राज्यपाल ने संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। समारोह के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने वर्ष 2022 एवं 2023 बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन और फैशन डिजाइन में ओवरऑल टॉपर को तीन स्वर्ण पदक एवं कोर्स टॉपर को पांच रजत पदक प्रदान किए गए। समारोह में कुल 153 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित गई। इनमें बैच 2022 बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन के 16 विद्यार्थी एफडीडीआई गुना कैंपस के भी शामिल हैं।

समारोह में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर कर्नल पंकज कुमार सिन्हा, कार्यकारी निदेशक श्री अनिल कुमार, इंस्टीट्यूट का स्टाफ , विद्यार्थी, अभिभावक सहित आमजन उपस्थित रहे।


FDI

FDI

FDDI

तृतीय दीक्षांत समारोह
4th मई 2024 (शनिवार)
मुख्य अतिथि / Chief Guest
श्री कलराज मिश्र / Shri Kalraj Mishra
माननीय राज्यपाल, राजस्थान / Hon'ble Governor of Rajasthan

मुख्य अतिथि / Chief Guest
श्री कलराज मिश्र / Shri Kalraj

4th मई 2024 (शनिवार)
मुख्य अतिथि / Chief Guest

EDI